# स्पेशल टास्क फोर्स, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

## प्रेस नोट संख्याः 112, दिनांक 19–04–2024

**फर्जी आई0डी0 पर सिम एक्टिवेट कर भारत के बाहर (दुबई, कम्बोडिया, चीन आदि देशों में) सप्लाई करने वाले गैंग का 01 सदस्य गिरफ्तार।**

दिनांक 18–04–2024 को एस0टी0एफ0 उ0प्र0 को फर्जी आई0डी0 पर सिम लेकर उन्हें एक्टिवेट कर भारत के बाहर दुबई, कम्बोडिया, चीन आदि देशों में सप्लाई करने करने गैंग के 01 सदस्य को थाना सदर बाजार जनपद मेरठ क्षेत्र से गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

रितिक राज पुत्र रामबाबू रजक नि0 ग्राम हजरतपुर थाना मिनापुर जनपद मुजफ्फरपुर बिहार हाल पता बसंत बिहार कालोनी, कुनाई चौक, पटना बिहार।

**बरामदगीः-**

1. 179 अदद सिम कार्ड
2. 03 अदद मोबाईल फोन

**गिरफ्तारी का स्थान/दिनांकः-**

दिनांक 18–04–2024 स्थानः भैसाली रोडवेज बस स्टेण्ड के पास थाना सदर बाजार जनपद मेरठ समय 16.00 बजे।

एसटीएफ, उत्तर प्रदेश को फर्जी आई0डी0 पर सिम लेकर उन्हें एक्टिवेट कर भारत के बाहर दुबई, कम्बोडिया, चीन आदि देशों में सप्लाई करने वाले गैंग के सक्रिय होकर अपराध करने वाले गिरोह के बारे में सूचनाएं प्राप्त हो रही थी। इस सम्बन्ध में एस०टी०एफ० की विभिन्न इकाईयो/टीमों को अभिसूचना संकलन एवं कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके अनुपालन में श्री बृजेश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, एस0टी0एफ0 फील्ड इकाई, मेरठ के पर्यवेक्षण में एस0टी0एफ0 फील्ड इकाई, मेरठ द्वारा अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी।

उप निरीक्षक प्रमोद कुमार के नेतृत्व में मुख्य आरक्षी जयवर्धन, हे0कां0 विकास बैंसला, हे0कां0 विनय कुमार की टीम आपराधिक अभिसूचना संकलन के उद्देश्य से भ्रमणशील थी। इस दौरान ज्ञात हुआ कि कुछ व्यक्तियों का एक गिरोह है जो फर्जी आईडी पर सिम खरीदकर उन्हें भारत से बाहरी देशों में भेजते है। साथ ही इस सिम कार्ड से फर्जी यूपीआई और एकाउण्ट तैयार कर गेमिंग एप डाउनलोड कर व्यक्तियों से धोखाधड़ी करते है। इसी गैंग का एक सदस्य दिल्ली जाने वाली रोडवेज बस स्टैण्ड जनपद मेरठ पर खड़ा है, यदि जल्दी किया जाय तो पकड़ा जा सकता है। इस सूचना पर एसटीएफ टीम द्वारा ज्ञात स्थान से उपरोक्त व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ पर बताया कि अभियुक्त रितिक राज उपरोक्त का टेलीग्राम पर फेक सिम कार्ड बैंक एकाउण्ट @prem_singh_seller के नाम से चैनल

हैं। इस चैनल के माध्यम से ही फर्जी सिम की खरीद फरोक्त करने वाले व्यक्ति उससे सम्पर्क में रहते है। इसी माध्यम से वह बडी संख्या में 400–500 रूपये प्रति सिम कार्ड खरीदकर दुबई, कम्बोडिया एवं चीन आदि देशो में लगभग 2000 से 2500 रूपये प्रति सिम सप्लाई करता है। इसी चैनल के माध्यम से रितिक राज की मुलाकात रोनित कुशवाहा निवासी महोबा से हुई थी, जिससे वह लगभग 2000 सिम ले चुका हैं तथा अब तक लगभग 3 से 4 हजार सिम विदेशों में सप्लाई कर चुका हैं। वासिफ व शकील नाम के व्यक्तियों ने रू0 2800/– के रेट से सिम लेने के लिए बुलाए थे। वासिफ ने रितिक राज को यह भी बताया था कि शकील नि0 न्यू अशोक नगर दिल्ली, जिसकी दिल्ली में ही फास्ट टेंग ट्रेवलर के नाम से एजेन्सी है। यह सिम कार्ड व बैंको के एटीएम कार्ड अपने जानने वाले साहिल को दुबई पहुॅचाता है। साहिल (दुबई मे रहता हैं) वासिफ व शकील से सिम व एटीएम लेकर फर्जी यूपीआई व फर्जी एकाउण्ट तैयार कराता है फिर इन्हीं सिम कार्ड के मदद से आनॅलाईन गेमिंग एप्लीकेशन तीन पत्ती, फ्री फायर आदि से जोडकर लोगों से ठगी करता है।

गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना सदर बाजार, मेरठ में मु0अ0सं0 65/2024 धारा 419/420/467/468/471/120बी भादवि व 66 सी/66डी आईटी एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कराया गया है। अग्रेतर कार्यवाही स्थानीय पुलिस द्वारा की जायेगी।